प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

झारखंड समेत देशभर में आज होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। रंगों के इस त्योहार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि होली आनंद और उत्सव का त्योहार है जो सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को होली की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रंग और उमंग से भरा यह त्योहार सबके लिए खुशियां, सुख और समृद्धि लेकर आये। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को रंगों का त्योहार होली की शुभकामनाएं दी है।

****

होली के अवसर पर राज्य भर में पुलिस विशेष चौकसी बरत रही है। सभी जिलों में पुलिस की गश्ती जारी है। सुरक्षा को लेकर पूरे राज्य में पांच हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून–व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

****

गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आम लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की है।

****

इधर, होली में संभावित हादसों को देखते हुए रिम्स समेत सभी जिला अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मेडिसिन, सर्जरी और ऑर्थोपेडिक विभाग की अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं। ट्रॉमा सेंटर में अतिरिक्त बेड आरक्षित किए गए हैं। आईसीयू को तैयार रखने का निर्देश दिया गया है।

****

हमारी नई श्रृंखला, आकाशवाणी पर पीपल्स पद्म में हम वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार विजेताओं से बातचीत कर रहे हैं। दूसरे एपिसोड में हम संथाली लेखक रबीलाल टुडू से बात करेंगे। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए श्री टुडू को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। इस बातचीत में रबीलाल ने सामाजिक सन्देश और भाषा आन्दोलन पर प्रकाश डाला है।

पूरा पॉडकास्ट सुनने के लिए आज शाम पांच बजकर दस मिनट पर सौ दशमलव 1 आकाशवाणी गोल्ड पर ट्यून करें। आप इसे न्यूज ऑन एआईआर ऐप और न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर भी सुन सकते हैं। इसका पुनः प्रसारण कल सुबह नौ बजकर दस मिनट पर होगा।

****

लोहरदगा जिले में छह से सात मार्च तक जिला प्रशासन की ओर से साहित्य एवं फिल्म महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समाहरणालय मैदान में फिल्मों का प्रदर्शन, चर्चित लेखकों की भागीदारी, जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं और विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। दो दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से

स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

****

जमशेदपुर स्थित टाटा मेन अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर नौ फुटपाथ दुकानों में बीती रात आग लग जाने से हजारों रुपये का सामान जल कर नष्ट हो गया। इस आगजनी में मुख्य रूप से चाय, फल, नाश्ते के ठेले और गुमटियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नौ मार्च तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। हालाँकि, 6 और 7 मार्च को कुछ स्थानों पर दोपहर या शाम के समय आंशिक बादल छा सकते हैं, लेकिन इससे मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं।

*********समाप्त*********